## दो दिनों की पहचान करने के लिए कृप्या नीचे दी गई तालिका देखें।

| सहेली प्लस की पहली गोली (मासिक धर्म के पहले दिन) लेने पर | पहले तीन महीनों के लिए सहेली प्लस हर बार का उपयोग | चौथे महीने से सहेली प्लस हर रोज का उपयोग |
|---|---|---|
| रविवार | रविवार और बुधवार | रविवार |
| सोमवार | सोमवार और गुरुवार | सोमवार |
| मंगलवार | मंगलवार और शुक्रवार | मंगलवार |
| बुधवार | बुधवार और शनिवार | बुधवार |
| गुरुवार | गुरुवार और रविवार | गुरुवार |
| शुक्रवार | शुक्रवार और सोमवार | शुक्रवार |
| शनिवार | शनिवार और मंगलवार | शनिवार |

**ध्यान दें:**

सहेली प्लस की गोलियों से कोई हॉर्मोनल साइड इफेक्ट नहीं होता है। हालांकि कुछ महिलाओं में यह पीरियड्स में देरी या हल्के पीरियड्स का कारण बन सकता है। गोली बंद करने के बाद सामान्य मासिक धर्म चक्र की वापसी होगी ।

**अधिक जानने के लिए :**

**टोल फ्री 1800 425 3225 पर कॉल करें**

**(या) ईमेल: saheli@lifecarehll.com**

**वेबसाइट: www.saheliinfo.com**

HLL Lifecare Limited
(A Government of India Enterprise)

की एक गुणवत्ता उत्पादन




## नो स्टेरॉइडस नो साइड इफ़ेक्ट्स

Saheli Plus

गर्भनिरोधक गोलियाँ

## नो स्टेरॉइडस नो साइड इफ़ेक्ट्स

## सहेली प्लस अन्य गर्भनिरोधक गालियों से किस प्रकार अलग है ?

सहेली प्लस अन्य गर्भनिरोधक गोलियों से अलग है क्योंकि इसमें कोई हॉर्मोन नहीं होता। इसकी प्रत्येक गोली में सेंटक्रोमैन 30 एमजी होता है। अन्य गर्भनिरोधक गोलियों में प्रोजस्टेरोन या एस्ट्रोजन हॉर्मोन या दोनों का संयोजन होता है। अन्य गर्भनिरोधक गोलियाँ हॉर्मोनल होती हैं। इससे जी मिचलाना, सिरदर्द, वजन बढ़ना, बालों का झड़ना, मुंहासे और मिजाज के बदलाव जैसे कई दुष्प्रभाव होते हैं।

सहेली प्लस हॉर्मोन से मुक्त है और इसके दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। इसलिए सहेली स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी एक सुरक्षित विकल्प है।

### सहेली प्लस कैसे काम करती है ?

सहेली प्लस निषेचित अंडे को गर्भाशय में प्रत्यारोपित होने से रोककर काम करती है और इस प्रकार गर्भाव्स्था को रोकती है।

### सहेली प्लस के क्या लाभ हैं ?

सहेली प्लस में कोई हॉर्मोन नहीं होता। तो यह केवल गर्भनिरोधक प्रदान करता है और इससे कोई हॉर्मोनल दुष्प्रभाव नहीं होते। यह महिलाओं के लिए स्तन स्वास्थ्य और अस्थि खनिज घनत्व को बनाए रखनें में लाभदायक है।

### सहेली प्लस का उपयोग कौन कर सकता है ?

सहेली **प्लस** का उपयोग 18 से 45 आयु वर्ग की महिलाएँ कर सकती हैं जो प्रतिवर्ती गर्भनिरोधक चाहती हैं। यह नवविवाहित महिलाओं और उन महिलाओं के लिए उपयुक्त विकल्प है जिन्हें बच्चों के बीच अंतर की आवश्यकता होती है। यह भारी मासिक धर्म वाली महिलाओं के लिए उपयुक्त है। **स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी सहेली प्लस सुरक्षित है।**

### सहेली प्लस का उपयोग कैसे करें ?

**सहेली प्लस को पीरियड्स के पहले दिन से ही शुरू कर देना चाहिए।** इसे पहले तीन महीनों के लिए सप्ताह में दो बार और चौथे महीने से सप्ताह में एक बार लेना होता है। माहवारी के दौरान भी सहेली प्लस का सेवन निश्चित दिनों में करना होता है इसे तब तक जारी रखा जाना चाहिए जब तक गर्भनिरोधक की आवश्यकता हो।